अज अदालत राजस्व अपील प्राधिकारी अजमेर

38/2021 अपील मंगला बनाम पप्पू वगै.

तारीख पेशी	हुक्म या कार्यवाही मय हस्ताक्षर	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील जारी हुए
	2020/00038 श्री गजेन्द्र सिंह श्री 1/1 से 1/4 3/1 से 3/3 एलान असलम / अब्दुल सिंह	

मंगला बनाम पप्पू वगैरह

17.3.21 प्रार्थना पत्र बाजदायरी पेश हुआ। अभिभाषक प्रार्थी उपस्थित। अभिभाषक अप्रार्थी संख्या 1/1 से 1/4 व 3/1से 3/3 को प्रार्थना पत्र बाजदायरी की प्रति दी गयी। प्रार्थना पत्र बाजदायरी एवं बाजदायरी के साथ प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 5 मियाद अधिनियम पर पर अभिभाषक उभयपक्ष की बहस सुनी गई।

अभिभाषक उभयपक्ष की बहस पर मनन किया गया एवं प्रस्तुत प्रार्थना पत्र बाजदायरी व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 5 मियाद अधिनियम व अपील का अवलोकन किया गया।

सर्वप्रथम प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 5 मियाद अधिनियम का आदेश उचित समझते है। अभिभाषक प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में अंकित कारण संतोषजनक होने के कारण एवं शपथ पत्र पर विश्वास करते हुए न्यायहित में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाकर बाजदायरी प्रार्थना पत्र को अन्दरमियाद शुमार किया जाता है।

तत्पश्चात बाजदायरी का निस्तारण किया जाना उचित समझते है।

अभिभाषक उभयपक्ष के द्वारा की गई बहस पर मनन किया गया एवं प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर अपील का निर्णय गुणावगुण पर पारित किया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः प्रार्थना पत्र बाजदायरी स्वीकार किया जाता है तथा अपील को पुनः नम्बर पर लिये जाने के आदेश लिये जाते है। प्रार्थना पत्र बाजदायरी फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हों।

राजस्व अपील अधिकारी
अजमेर